C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 205 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 16 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## SIR प्रक्रिया पर सवाल

# गहलोत बोले -कांग्रेस समर्थकों को बनाया जा रहा निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर सियासी माहौल तेज हो गया है। नाम कटवाने से जुड़ी आपत्तियां दर्ज कराने की गुरुवार को अंतिम तिथि थी और इसी को लेकर कांग्रेस ने बड़ा हमला बोला। कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक गहलोत ने भाजपा और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेशभर में कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है।

अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा कि उन्हें कई स्थानों से ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं, जहां अनजान व्यक्तियों द्वारा बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा कर कांग्रेस समर्थकों के नाम कटवाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती हैं।

गहलोत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बूथ लेवल अध्यक्षों से अपील की कि वे पूरी सतर्कता के साथ इस प्रक्रिया पर नजर रखें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी वैध मतदाता का नाम न कटे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करें।

इसके साथ ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को भी सख्त संदेश दिया। गहलोत ने कहा कि अधिकारी संविधान के अनुरूप और निष्पक्ष तरीके से काम करें, क्योंकि किसी भी



तरह की गैरकानूनी कार्रवाई के लिए अंततः कानून का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी तंज कसा कि भाजपा की यह बौखलाहट इस बात का संकेत है कि उसके दिन अब ढलने वाले हैं।

गौरतलब है कि SIR के तहत नाम कटवाने से संबंधित आपत्तियां दर्ज कराने की आज आखिरी तारीख है। ऐसे में कांग्रेस के आरोपों के बाद यह मुद्दा प्रदेश की राजनीति के केंद्र में आ गया है और सभी की नजरें प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर टिकी हुई हैं।

# छाले भी नहीं रोक पाए जनसेवा का रास्ताः वसुंधरा राजे

**भीलवाड़ा फोकस @ झालावाड़।**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि जनसेवा के मार्ग में कठिनाइयाँ कभी बाधा नहीं बनतीं। मैं उम्रभर दुआओं के साथ चलती रही, पैरों के छाले भी मेरी राह नहीं रोक पाए, यह कहते हुए उन्होंने अपने संघर्ष और जनता से जुड़े रहने की राजनीति को रेखांकित किया। गुरुवार को उन्हेल में आयोजित जनसभा में राजे ने वर्षों की पदयात्राओं का स्मरण करते हुए कहा कि सांसद रहते हुए पैरों में छाले पड़ते थे, तब भी वे रुकती नहीं थीं।



### एसी की राजनीति नहीं, ज़मीन से जुड़ाव

राजे ने कहा कि कई नेता चुनाव के समय आते हैं और जीतकर पांच साल एसी में बैठ जाते हैं, हम ऐसा नहीं करते। हम अपने क्षेत्र को परिवार मानते हैं और यहां के लोगों को मतदाता नहीं, भाग्य निर्माता मानते हैं।

### आशीर्वाद यात्रा को किया रवाना

जनसभा के दौरान राजे ने झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह की आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा राजनीतिक नहीं, बल्कि विश्वास, विकास और अपनेपन की यात्रा है ।अपनों के लिए, अपनों के बीच, अपनों की ओर से।

### आपकी तकलीफ को गले लगाने की यात्रा

राजे ने कहा कि सांसद हमेशा जनता के बीच रहते हैं-खेतों की मिट्टी, बच्चों की मुस्कान और मेहनत को अपनाने निकलते हैं। यह यात्रा लोगों से जुड़ने, उनकी आवाज सुनने और सपनों को पूरा करने की है। लक्ष्य है हर नागरिक का सम्मान, हर व्यक्ति का उत्थान और हर वाजिब समस्या का समाधान।

### नागेश्वर से तीन दिवसीय यात्रा

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल उन्हेल नागेश्वर से सांसद दुष्यंत सिंह ने तीन दिवसीय यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनहित उनकी प्राथमिकता है। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# गिफ्ट के बहाने आई, एटीएम का बहाना बनाया और उड़ाया 1 लाख का मंगलसूत्र

## वीडियो में कैद हुई दिनदहाड़े चोरी, ज्वेलरी शॉप में मचा हड़कंप

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला स्वर्ण-रजत मार्केट से सामने आया है, जहां दिनदहाड़े एक महिला ग्राहक बनकर ज्वेलरी शॉप में घुसी और करीब 1 लाख रुपए कीमत का सोने का मंगलसूत्र लेकर फरार हो गई। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

दोपहर करीब डेढ़ बजे नेहा ज्वेलर्स पर एक महिला पहुंची। दुकान मालिक चंद्रशेखर उस समय काउंटर पर मौजूद थे। महिला ने बातचीत की शुरुआत शादी में गिफ्ट देने के लिए ज्वेलरी देखने से की, फिर अपने लिए कानों के आभूषण भी दिखाने को कहा। इसी दौरान उसने कई मंगलसूत्र देखे, जिनमें से 8 ग्राम का एक मंगलसूत्र उसे पसंद आया।

महिला ने कहा कि उसके पास अभी नगद पैसे नहीं हैं और वह एटीएम से पैसे निकालकर तुरंत लौटती है। इतना कहकर वह दुकान से बाहर चली गई। कुछ ही देर बाद जब दुकानदार ने सामान मिलाया तो एक मंगलसूत्र गायब मिला। शक होने पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, जिसमें साफ नजर आया कि महिला ने बड़ी सफाई से मंगलसूत्र चुराया।

फुटेज में यह भी सामने आया कि महिला अकेली नहीं थी, बल्कि उसका एक पुरुष साथी भी आसपास मौजूद था, जो संभवतः रेकी या निगरानी में शामिल था। चोरी की पुष्टि होते ही स्वर्ण-रजत मार्केट के व्यापारियों ने पुलिस को सूचना दी।

मार्केट अध्यक्ष कपिल ने बताया कि लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से व्यापारियों में दहशत है। पुलिस को फुटेज सौंप दी गई है और आरोपियों की पहचान कर तलाश शुरू कर दी गई है।




'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


# अनजान कॉल से पूर्व सभापति को जान से मारने की धमकी, गैंग का नाम लेकर दहशत फैलाने की कोशिश

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़ ।**

जिले की राजनीति में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब पूर्व नगर परिषद सभापति संदीप शर्मा को एक अनजान नंबर से जान से मारने की धमकी दी गई। यह धमकी 14 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 26 मिनट पर वॉट्सऐप वॉइस कॉल के जरिए दी गई, जिससे संदीप शर्मा और उनका परिवार दहशत में आ गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



बताया गया कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम 'हैरी बॉक्सर' बताया और खुद को कुख्यात लॉरेंस विश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ बताया। कॉल के दौरान आरोपी ने संदीप शर्मा और उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। इसके बाद उसी नंबर से एक वॉइस मैसेज भी भेजा गया, जिसमें खुले तौर पर पूर्व सभापति को जान से मारने की बात कही गई।

वॉइस कॉल में धमकी देने वाले ने कहा मैं हैरी बॉक्सर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से बोल रहा हूं। तेरी और तेरे पूरे खानदान की पूरी जानकारी मेरे पास है। तेरी और तेरे परिवार की रैकी कर रखी है। मैं चाहूं तो अभी मार सकता हूं। अगर अपनी और अपने परिवार की जान बचानी है तो 24 घंटे में संपर्क कर लेना, वरना मरने के लिए तैयार रहना। तुझे कोई नहीं बचा पाएगा।

धमकी मिलने के बाद संदीप शर्मा ने तुरंत सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है। जिस नंबर से कॉल और वॉइस मैसेज आया है, उसकी कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं, ताकि आरोपी तक जल्द पहुंचा जा सके। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह कॉल वास्तव में किसी संगठित अपराध गिरोह से जुड़ी है या फिर किसी शरारती तत्व द्वारा डराने के उद्देश्य से की गई है।

एहतियातन पुलिस ने संदीप शर्मा के घर और होटल के बाहर सुरक्षा बढ़ाते हुए बैरिकेट्स लगा दिए हैं। सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए हर एंगल से जांच कर रही हैं।

# पुलिस शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक, एसपी से की मुलाकात





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

पुलिस शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नेशनल और स्टेट स्तर पर पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इस वर्ष शूटिंग रेंज के पांच खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर, जबकि चार खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर पदक हासिल किए हैं।

मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में रीता जाट, सुधा कुमारी, खनक व्यास, दिव्यांजलि सिंह सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। इन शूटरों ने न केवल नेशनल लेवल प्रतियोगिताओं में, बल्कि इंडिया ओपन और स्टेट चैंपियनशिप में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल अपने नाम किए।

पुलिस शूटिंग रेंज के कोच एवं आर्मोरर करण सिंह ने बताया कि रेंज में अत्याधुनिक हथियारों के साथ-साथ वेपन टेस्टिंग से संबंधित आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। बेहतर संसाधनों और नियमित अभ्यास के कारण खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिल पा रहा है, जिसका सीधा लाभ उनके प्रदर्शन में दिखाई दे रहा है।

इस उपलब्धि पर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने सभी मेडल विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह की सफलता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने एसपी से 25 मीटर और 50 मीटर शूटिंग रेंज बनाए जाने की मांग भी रखी, ताकि वे इन इवेंट्स में भी नियमित रूप से भाग ले सकें।

खिलाड़ियों ने बताया कि वर्तमान में 25 व 50 मीटर की प्रैक्टिस स्केट पर कराई जा रही है, जो सिटी विधायक अशोक कोठारी द्वारा पुलिस शूटिंग रेंज को उपलब्ध कराई गई है। खिलाड़ियों को उम्मीद है कि स्थायी रेंज बनने से उनके प्रदर्शन में और निखार आएगा।

# राज्यपाल बागड़े ने उद्योगपति,समाजसेवी रामपाल सोनी को समाज रत्न सम्मान से किया अलंकृत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जोधपुर में अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित भव्य माहेश्वरी ग्लोबल एक्सपो के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने माहेश्वरी समाज के प्रख्यात उद्योगपति एवं समाजसेवी रामपाल सोनी को समाज रत्न सम्मान से अलंकृत किया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान, नि:स्वार्थ सेवा, सतत समर्पण तथा उद्योग जगत में उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। संगम समूह के संस्थापक एवं चेयरमैन रामपाल सोनी की अनुपस्थिति में यह सम्मान वाइस चेयरमैन संगम समूह डॉ. एस. एन. मोदानी द्वारा ग्रहण किया गया। इस सम्मान हेतु गठित चयन समिति में भारतीय प्रशासनिक सेवा , भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं न्यायपालिका से जुड़े न्यायमूर्ति सदस्य शामिल रहे ।

सम्मान समारोह के अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल बागड़े के साथ भारत सरकार के विधि आयोग के अध्यक्ष एवं सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष संदीप काबरा सहित समाज एवं देश के अनेक प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन युवा इकाई की गौसेवा

## रामधाम गोशाला में गुड़, लपसी व हरा चारा खिलाकर दिया सेवा-संस्कार का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



मकर संक्रांति पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की युवा इकाई द्वारा सामाजिक सरोकार और सनातन संस्कृति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए रामधाम गोशाला में गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान गोमाताओं को गुड़, लपसी एवं हरा चारा खिलाकर मकर संक्रांति को सेवा भाव के साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गोशाला परिसर की स्वच्छता व व्यवस्था बनाए रखने में भी सहयोग किया।

प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी ने कहा कि मकर संक्रांति केवल पर्व मनाने का नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और संस्कारों को जीवन में अपनाने का अवसर है। गौमाता की सेवा से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और यह हमारी सांस्कृतिक परंपराओं का अभिन्न अंग है।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल काबरा, संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी, संभागीय महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु जाजू, युवा अध्यक्ष अंकित सोमानी, जिला प्रवक्ता मनीष बंब सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने युवाओं से गौसंरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष लीला राठी, प्रदेश महिला मंत्री कुसुम पोखरना, गुणमाला अग्रवाल, श्यामसुंदर सोमानी, हर्ष राठी, सुधीर अजमेरा, सचिन काबरा, त्रिदेव मूंदड़ा, रवि जैन, नितेश सोडाणी, मनीष सेठी, विशाल जैन, राहुल सोमानी, विजय विजयवर्गीय, बनवारी विजयवर्गीय, रोहित अग्रवाल, दिलीप हिंगड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रकाश पोरवाल, सुरेंद्र जैन, कार्यकारी अध्यक्ष ओपी हिंगड़, जिला मंत्री अक्षय कोठारी, जिला मंत्री कृष्ण गोपाल अग्रवाल, अभिषेक जागेटिया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरुन्दनी के विद्यार्थियों ने किया मेवाड़ विश्वविद्यालय में शैक्षिक भ्रमण



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

(रमेश चन्द डाड) व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत राउमावि बरुंदनी के प्रधानाचार्य बाबूलाल बैरवा के निर्देशन में 96 विद्यार्थियों ने मेवाड़ विश्वविद्यालय,गंगरार का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना रहा।

व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी व्याख्याता मुनेश कुमार मीना ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों, प्रयोगशालाओं,पुस्तकालय,स्मार्ट कक्षाओं एवं प्रशिक्षण केंद्रों का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के महत्व, केरियर विकल्पों तथा भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# ऑल फाइनेंस एम्प्लोयी यूनियन का प्रथम जिला अधिवेशन संपन्न



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

क्यारा स्थित श्री बालाजी मंदिर प्रांगण में ऑल फाइनेंस एम्प्लोयी यूनियन का प्रथम जिला अधिवेशन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। अधिवेशन में जिलेभर के फाइनेंस व बैंकिंग सेक्टर से जुड़े कर्मचारियों ने भाग लिया।

जिला प्रवक्ता किशन सुवालका ने बताया कि अधिवेशन का उद्देश्य कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना एवं फाइनेंस सेक्टर की वर्तमान समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान हेतु सामूहिक रणनीति बनाना रहा। पदाधिकारियों ने यूनियन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजना पर भी विचार रखे।

अधिवेशन में अध्यक्ष रितेश गुर्जर, उपाध्यक्ष राजेश सेन, संरक्षक वीरेंद्र पाराशर, भगवान शर्मा, पारस सेन, सुरेंद्र सिंह पवार, मनीष गोयल, प्रदीप नेगी, पुष्पेंद्र शर्मा, कमल बिरला, मंत्री रूपेंद्र नायर, कोषाध्यक्ष सौरभ सोमानी, दिनेश सेन, पवन सोनी, रोहित चौधरी, अखिलेश व्यास, राहुल कचौलिया, कैलाश भाटी, प्रितम माली, श्याम कुमावत, योगेश शर्मा, बनवारी वैष्णव, भैरू पूर्बिया, रवि शर्मा, लोकेश दाधीच, महावीर शर्मा सहित बड़ी संख्या में यूनियन सदस्य व फाइनेंस-बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लायन्स क्लब ने बच्चों को किए स्वेटर वितरित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

लायन्स क्लब भीलवाड़ा सिटी द्वारा सेवा कार्यक्रम के तहत महात्मा गांधी रा.विद्यालय बापू नगर में गरीब बच्चों को स्वेटर वितरित किए गये। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष अतुल राठी ने डिजीटल पुस्तकालय बनवाने का आश्वासन दिया और पूर्व प्रान्तपाल दिलीप तोषनीवाल ने बच्चों को मात-पिता और गुरुओं के चरण वंदन के बारे में बताया। लायन्स क्लब के अध्यक्ष पवन पंवार ने भी बच्चों को मेहनत करने और नम्र रहने की सलाह दी। स्कूल की प्रधानाचार्य सारिका चतुर्वेदी ने सभी पधारे हुए मेहमान जनों का स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सदस्य सुरेश बिड़ला, गजानंद बजाज, विजय सिसोदिया, विशाल बाहेती, सुशील सिसोदिया, विनोद जैन, शिव जागेटिया और धर्मेन्द्र लाठी उपस्थित रहे। अन्त में क्लब के सचिव दिनेश सोनी ने सभी उपस्थित साथियों का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व विधायक स्व. विवेक धाकड़ जयंती पर दो दिवसीय जनहित कार्यक्रम, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**नरेश धाकड़** पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की जयंती के अवसर पर विवेक-सुषमा धाकड़ स्मृति चेरीटीबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय जनहितार्थ कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर गुरवार को धाकड़ समाज के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़ की मौजूदगी में संपन्न हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़, ऊपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष नारायण लाल धाकड़, धाकड़ समाज पंचायत अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, थड़ीदा सरपंच राजेश धाकड़, आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सत्यनारायण धाकड़, मुकेश खटीक, रणजीत सिंह कानावत , ओमप्रकाश धाकड़, दुर्गेश धाकड़, एडवोकेट रामफूल धाकड़, एडवोकेट मनीष धाकड़, शंकरलाल धाकड़ सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 जनवरी को मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कंबल वितरण, मरीजों को फल वितरण तथा गायों को चारा खिलाने जैसे सेवा कार्य किए जाएंगे, जिनके लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गईं। वहीं 18 जनवरी को त्रिवेणी संगम महादेव पर आयोजित होने वाले विशाल नि:शुल्क चिकित्सालय शिविर के सफल आयोजन को लेकर भी कार्ययोजना बनाई गई और दायित्व सौंपे गए। बैठक में सभी वक्ताओं ने स्वर्गीय विवेक धाकड़ के सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए कार्यक्रमों को अधिकतम जनहितकारी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर जोर दिया।

# एक शाम ढ़ेलाणा श्याम के नाम भजन संध्या में झूमे भक्तगण



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव )** । क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव में बुधवार रात्रि को एक शाम श्री ढ़ेलाणा श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी । भैरु लाल दगोलिया ने बताया कि बुधवार को मकर संक्रांति के मौके पर एक शाम श्री ढ़ेलाणा श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ । भजन संध्या की शुरुआत भंवर दास वैष्णव ढ़ेलाणा ने गणपति वंदना व गुरु वंदना के साथ की । इसके बाद अशोक शर्मा गेगा का खेड़ा, संपत वैष्णव उम्मेदपुरा, भंवर दास खाचरोल, राजू लोहार आकोला, नारायण सेन सोपुरा, श्याम दास हाथीपुरा ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों को प्रस्तुतियां दी । चारभुजा नाथ, देवनारायण, बालाजी, भैरु जी आदि भक्तिमय भजनों पर भक्तगण नाचने झुमने लगे, भजन संध्या भौंर तक चली । इस दौरान अम्बालाल जाट, कैलाश जाट, प्रभु जाट, गोपाल जाट, हीरालाल जाट, हरी लाल जाट मोतीपुरा, रोशन जाट मोतीपुरा, सांवरमल वैष्णव, लोकेश जाट, देवकिशन जाट आदि कई मौजूद रहे ।

# मकर संक्रांति पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला विंग का सेवा कार्य



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

श्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला विंग द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी मकर संक्रांति के अवसर पर सेवा कार्य करते हुए आवरी माता कच्ची बस्ती में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री, स्वेटर, कंबल तथा बच्चों को पतंगें वितरित की गईं। महिला विंग की स्वयंसेविकाओं ने सर्द मौसम में गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की।

सेवा कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष माया राठौड़, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनीषा चुंडावत, समाजसेविका खुशबू कंवर शक्तावत, दीक्षा राठौड़, विद्या कंवर एवं ममता कंवर सहित अनेक स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

# सेन युवा एकता मंच की बैठक में नई कार्यकारिणी घोषित , सागर बने जिलाध्यक्ष



**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**

नारायणी धाम, पुराना शहर में सेन युवा एकता मंच द्वारा एक संगठन, एक संगठित समाज के संकल्प के साथ सेन समाज की विभिन्न इकाइयों की समन्वय बैठक, स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की एकता को सुदृढ़ करने, संगठन को मजबूत बनाने तथा युवाओं की सक्रिय और निर्णायक भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में नया नेतृत्व, नई ऊर्जा के उद्देश्य से मंच की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। मंच के मीडिया प्रवक्ता दिनेश सेन उपरेड़ा ने बताया कि यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सेन कांदा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें समाज की विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से सागर सेन उपनगर सांगानेर, भीलवाड़ा को सेन युवा एकता मंच का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए लालकृष्ण सेन (मांडल) को संरक्षक, शंभू सेन एवं रूपेश सेन (बीगोद) को प्रदेश उपाध्यक्ष, सोनू सेन (ऊँचा गोरेचक) को प्रदेश महासचिव तथा गौतम सेन (महेंद्रगढ़) को प्रदेश कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।




QUICK BITES

## बजट 2026 में मौलिक अधिकारों को मिले प्राथमिकताःराष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

वर्ष 2026 के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले राजस्थान बजट को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने राज्य सरकार से आमजन के संवैधानिक मौलिक अधिकारों को केंद्र में रखने की मांग की है। परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने कहा कि विकास तभी सार्थक है जब नागरिकों को जीवन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सम्मान, न्याय और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार व्यवहार में मिले।

मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में परिषद ने स्वास्थ्य के अधिकार के तहत सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क दवाइयों और जांच सुविधाओं के विस्तार की मांग की है। वहीं शिक्षा के अधिकार को मजबूत करने के लिए सरकारी विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं, शिक्षकों की भर्ती तथा छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान करने पर जोर दिया गया है।

परिषद ने महिला एवं बाल अधिकारों की सुरक्षा हेतु फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना, पीड़ित महिलाओं के लिए सहायता एवं पुनर्वास योजनाएं तथा असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कोष बनाने की आवश्यकता बताई है। इसके साथ ही शुद्ध पेयजल उपलब्धता, प्रदूषण नियंत्रण, जलस्रोतों के संरक्षण और जनसुनवाई व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ करने की मांग भी की गई है। इस अवसर पर परिषद के जिला संरक्षक हेमंत कोठारी, जिला मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी, समाजसेवी ललित आंचलिया, जिला संयोजक लक्की ब्यावट, सहसंयोजक अनुराग बाबेल, महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, महामंत्री कुसुम श्रीमाल, रजनी बापना, सुनीता गांधी, जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, प्राचीर समदानी, सीए नवजोत सिंह, अर्पित नंदावत, सुशील लोढ़ा, ज्ञानचंद पगारिया, हरीश काकाणी, कमल वैशनानी, गोपाल शर्मा, ललित लोढ़ा, मुकेश मेडतवाल, गिरिराज लड्ढा और अमित व्यास सहित अन्य पदाधिकारियों ने आशा जताई कि बजट 2026 में इन सुझावों को शामिल कर सरकार आमजन के अधिकारों को नई मजबूती देगी।

## यूसीमास अबेकस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपालगंज सेंटर का शानदार प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




जयपुर में आयोजित यूसीमास अबेकस की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपालगंज, भीलवाड़ा सेंटर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सार्थक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि पर्व और अव्या ने प्रथम रनर-अप का स्थान प्राप्त किया।

सेंटर डायरेक्टर शिल्पा ईनाणी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को 8 मिनट में 200 गणितीय प्रश्न हल करने थे, जिसमें तेज़ गणना, एकाग्रता और सटीकता की कड़ी परीक्षा ली गई।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में राजस्थान भर से लगभग 1800 से 2000 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिससे प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी ऊंचा रहा। ऐसे कड़े मुकाबले में भोपालगंज सेंटर के विद्यार्थियों की उपलब्धि सराहनीय है।

सफलता पर सेंटर परिवार, अभिभावकों और शुभचिंतकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत टोल प्लाजा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### लाम्बिया टोल प्लाजा पर 22 जनवरी को होगा रक्तदान शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ,जिसके तहत लाम्बिया टोल प्लाजा पर जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये गये। टोल पर आने वाले टू व्हीलर व फॉर व्हीलर वाहन चालकों को जागरूकता के लिए पंपलेट का वितरण किया गया। टोल प्लाजा के जनरल मैनेजर सुरेश राजगुरु ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एनएचएआई द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान डीजीएम विश्वास राव सत्ते, इंसीडेंट मैनेजर रिधकरण ने जानकारी दी कि अभियान के दौरान लगातार जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जा रहे है और आने वाली 22 जनवरी को रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें 100 यूनिट रक्त का टारगेट रखा गया।

## दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित, किसानों ने तिलहन मिशन की तकनीकें सीखीं

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



राष्ट्रीय तिलहन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत बाकरा के खेड़ा बड़ माताजी परिसर में दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत क्षेत्र के 30 किसानों ने भाग लिया । किसानों को तिलहन मिशन के उद्देश्यों, तिलहन फसलों के उत्पादन बढ़ाने के उपायों तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई।

विशेषज्ञों ने तिलहन फसलों में लगने वाले कीट एवं व्याधियों की पहचान और नियंत्रण के तरीकों पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

प्रशिक्षण के दौरान मिट्टी की जांच, उर्वरक प्रबंधन, जल संरक्षण आधारित खेती तथा तिलहन फसल चक्र के महत्व को समझाया गया। किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में सहायक कृषि अधिकारी शक्करगढ़ अमित कुमार जागेटिया , कृषि पर्यवेक्षक बाकरा मस्तराम मीणा, कृषि पर्यवेक्षक शक्करगढ़ अंजली मीणा, कृषि पर्यवेक्षक बरोदा राजेश कुमार मीणा ने फसल उत्पादन तकनीकों पर जानकारी साझा की । साथ ही कृषि पर्यवेक्षक टीटोडा जागीर प्रियंका मीणा और कृषि पर्यवेक्षक बेइ सोना मीणा ने फसल सुरक्षा व रोग नियंत्रण पर चर्चा की।

पूर्व सहायक कृषि अधिकारी मदन लाल ने किसानों को जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और खेत में रासायनिक उपयोग कम करने के लाभ बताए।

## अभिभाषक संस्था शाहपुरा का शपथग्रहण संपन्न , न्याय और विकास का साझा संकल्प





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी ।

न्याय के मंदिर एडीजे कोर्ट परिसर में गुरुवार को अभिभाषक संस्था शाहपुरा का शपथग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष पालीवाल के नेतृत्व में नवगठित कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर अधिवक्ताओं में उत्साह और संगठन के नए दौर की उम्मीदें स्पष्ट रूप से देखने को मिलीं।

समारोह में भीलवाड़ा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन, एडीजे सानिया हासमी एवं एडीजे विशाल भार्गव की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने शाहपुरा के विकास को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया।

विधायक बैरवा ने कहा कि शाहपुरा के विकास की दिशा अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन से और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि शाहपुरा को जिला बनाए जाने की दिशा में धरातल तैयार किया जा रहा है तथा योजनाएं चरणबद्ध रूप से लागू की जा रही हैं। अधिवक्ताओं के हित में एडीजे कोर्ट परिसर में सोलर प्लांट लगाने की घोषणा पर उपस्थितजनों ने तालियों से स्वागत किया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन ने न्याय आपके द्वार अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि आमजन को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर अभिभाषक संस्था अध्यक्ष आशीष पालीवाल ने अधिवक्ताओं की वर्षों पुरानी मांगों को मजबूती से रखा। इनमें चैंबर्स निर्माण, कोर्ट के बाहर की भूमि न्यायालय को दिलाने, उस पर सीसी ब्लॉक निर्माण तथा नए कोर्ट परिसर के लिए भूमि आवंटन की मांग प्रमुख रही। कार्यक्रम में शाहपुरा एसीजेएम सीमा चोहान, भीलवाड़ा अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिंह सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामप्रसाद जाट ने किया।

## गौसेवा का संकल्प, गौग्रास हेतु जुटे 48 हज़ार रुपये

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।



मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर कस्बे में श्री राम गौशाला सेवा समिति के तत्वावधान में गौग्रास संग्रह अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान गौभक्त झोली लेकर कस्बे के बाजारों, गलियों व मोहल्लों में भ्रमण पर निकले और गौमाता के लिए सहयोग राशि एकत्रित की। अभियान के दौरान गौभक्तों ने जय गौ माता और जय गोपाला के जयघोष लगाए, जिससे पूरे कस्बे में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस गौग्रास अभियान में लगभग 48 हज़ार 900 रुपए की राशि प्राप्त हुई, जिसे गौशाला सेवा में उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गौभक्त उपस्थित रहे और सभी ने बढ़-चढ़कर सहयोग करते हुए गौसेवा में अपनी सहभागिता निभाई।



# संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा का स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन द्वारा स्नेह मिलन कार्यक्रम खुली मस्ती नन्दिनी का आयोजन हरनी महादेव रोड स्थित निजी वाटिका में हर्षोल्लास के साथ किया गया। खुले वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बहनों को आपसी स्नेह, सौहार्द एवं आत्मीयता के सूत्र में बाँधना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्ष पुष्पा गोखरू ने कहा कि संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन केवल एक सेवा संगठन नहीं, बल्कि बहनों के विश्वास, स्नेह और पारिवारिक जुड़ाव का सशक्त मंच है। सचिव प्रमिला गोखरू ने सकरात की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्नेह मिलन जैसे आयोजन संगठन को और अधिक मजबूत बनाते हैं।

स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान सोनल मेहता, रजनी डोसी एवं जूली सूर्या द्वारा आयोजित मनोरंजक खेलों ने सभी को बचपन की यादों से जोड़ते हुए कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया।

जेएसजी के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र गोखरू ने संगिनी बहनों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के स्नेह मिलन कार्यक्रम संगठन में सकारात्मक ऊर्जा, सहयोग और अपनत्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष निर्मल खजान्ची, कोषाध्यक्ष बलवीरडागलिया, मनीष बंब की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मनीषा खजान्ची एवं शकुन्तला साँखला ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी बहनों ने तिल के लड्डू सहित पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया।

इस दौरान सोनल मेहता, अकिंता खजान्ची, अलका चौधरी, मधु लोढ़ा, जूली सूर्या, रजनी डोसी, सुरेखा पीपाड़ा, नैना छाजेड़, किरण मेहता, सरोज जैन, मधु कोठारी, मधु बिरानी, विमला कोठारी, निर्मला डोसी, अलका डोसी, निर्मला बुलिया, कविता चीपड़, प्रीती बोहरा, अरुणा पोखरना, हन्नी जैन, चेतना चपलोत, प्रियंका चौधरी, अनिता डांगी, मीनाक्षी डागा, मोनिका सूर्या, आभा छाबड़ा, मधु चौधरी, ऋतु साँखला, सुलेखा शिशोदिया, संगीता सकलेचा, श्वेता जैन, सरोज बापना, सरिता चौधरी, अनीता चौधरी, आशा रांका, कपिला जैन, रूचि बापना, संगीता चौरड़िया, पुष्पा पोखरना, ममता खटोड़, श्वेता बान्टिया, शिल्पा बापना, संतोष देवी सिंघवी, सीमा बापना, कान्ता चौधरी, नीलम डागलिया, निकिता जैन, अर्चना जैन, कुसुम पोखरना, मंजू कोठारी, बसंतलता मेहता, प्रतिभा भंडारी, मधुबाला सूर्या, प्रेरणा लोढ़ा, लाजवन्ती वोहरा, ज्योति साँखला, अल्पना साँखला, सुशीला पोखरना, प्रीती गुगलिया, सरिता पाटनी, सुषमा कोठे, शकुन्तला मुणोत एवं पिंकी सिरोया शामिल रहीं।

# गोठ-गुप्तेश्वर लिंक रोड से खुलेगा मांडलगढ़ के विकास का द्वार

## विधायक गोपाल खंडेलवाल की पहल रंग लाई, 3 किमी सड़क से घटेगी 20 किमी दूरी, ग्रामीणों को राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



मांडलगढ़ क्षेत्र के विकास में वर्षों से सबसे बड़ी बाधा बनी सड़क समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। करीब 3 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली गोठ-वाया गुप्तेश्वर लिंक रोड को आखिरकार स्वीकृति मिल गई है। लगभग 3 किलोमीटर लंबी यह सड़क पिछले 20 वर्षों से लंबित थी, जिसके अभाव में मांडलगढ़ उपखंड के कई गांवों का सीधा संपर्क टूटा हुआ था और ग्रामीणों को लंबा व महंगा रास्ता अपनाना पड़ता था।

सड़क निर्माण से मांडलगढ़ क्षेत्र के करीब 50 गांव सीधे सड़क मार्ग से जुड़ जाएंगे। इससे उपखंड मुख्यालय मांडलगढ़ तक पहुंच आसान होगी। इस दौरान

टोल होकर जाने की मजबूरी खत्म होने से ग्रामीणों के समय और धन दोनों की बचत होगी।

यह बहुप्रतीक्षित परियोजना मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल की लगातार कोशिशों का परिणाम मानी जा रही है। वर्षों से अटकी इस सड़क को लेकर उन्होंने प्रशासनिक स्तर से लेकर विधानसभा तक मजबूती से आवाज उठाई। परिणामस्वरूप अब यह सड़क धरातल पर उतरने जा रही है। सड़क बनने से सैकड़ों ग्रामीण परिवारों की रोजमर्रा की समस्याएं समाप्त होंगी।

इस लिंक रोड के बन जाने से करीब 20 किलोमीटर की दूरी कम होगी और लगभग 20 गांवों का रास्ता छोटा हो जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच सुगम होगी। सड़क निर्माण का सीधा लाभ मांडलगढ़ नगरपालिका क्षेत्र को भी मिलेगा। कमजोर कनेक्टिविटी के कारण अब तक अपेक्षित विकास नहीं कर पा रहा स्थानीय बाजार, लिंक रोड बनने से नई गति पकड़ेगा। व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी, बाहरी आवाजाही बढ़ेगी और निवेश व रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

इस सड़क से मांडलगढ़ किला की कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। विधायक द्वारा किले को प्रताप सर्किट से जोड़ने की पहल से आने वाले समय में यह क्षेत्र एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सकेगा, जिससे पर्यटन आधारित रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने गुरुवार को मौके पर पहुंचकर सड़क के कनेक्शन कार्य की शुरुआत कराई। उन्होंने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। साथ ही भविष्य के बढ़ते यातायात को देखते हुए सड़क को मानकों के अनुसार अधिक चौड़ा रखने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, नगर पार्षद अनीता सुराणा, लादूलाल खटीक, मुकेश व्यास, मनोज जोशी, मनोज सनाढ्य सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एसआईआर ड्राफ्ट के बाद कोटा में सियासी घमासान, कांग्रेस ने लगाए वोटर नाम कटने के आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**



**गर्वित ।** विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) की ड्राफ्ट सूची प्रकाशित होते ही कोटा में विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में बीएलओ द्वारा वोटरों के नाम काटे जा रहे हैं। इस दौरान शहर जिलाध्यक्ष राखी गौतम के नेतृत्व में कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा।

राखी गौतम ने आरोप लगाया कि कोटा जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन अधिकारी भाजपा सरकार के दबाव में बीएलओ को कार्यालयों में बुलाकर बिना भौतिक सत्यापन के मतदाताओं के नाम कटवा रहे हैं, जो निर्वाचन नियमों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यवाही लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा नेताओं के इशारे पर कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फॉर्म नंबर 7 भरवाए जा रहे हैं और संबंधित निर्वाचन अधिकारी बीएलओ पर दबाव बनाकर नाम कटवा रहे हैं। यह प्रक्रिया उस समय अपनाई जा रही है, जब एसआईआर की अंतिम सूची पहले ही प्रकाशित हो चुकी है।

राखी गौतम ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में नाम काटे जाना पूरी एसआईआर प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मांग की कि एसआईआर के तहत हटाए गए नामों की सूची सार्वजनिक की जाए तथा निर्वाचन विभाग को प्राप्त फॉर्म नंबर 7 का पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी मतदाता का नाम बिना विधिवत सत्यापन और कांग्रेस पार्टी के बीएलए (बीएलए) बूथ एजेंट को सूचना दिए बिना न हटाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप नहीं किया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# 25 जनवरी को मनाया जाएगा 16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह

## जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सीईओ ने ली बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

आगामी 25 जनवरी को मनाए जाने वाले 16वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन को सफल एवं प्रभावी बनाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने और मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह कार्यक्रम जिला स्तर के साथ ही बूथ लेवल व ईआरओ स्तर तक मनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं जनभागीदारी के साथ किया जाए।

बैठक में प्रस्तावित कार्यक्रमों, मतदाता जागरूकता गतिविधियों, नव



मतदाताओं के सम्मान, शपथ कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रचार-प्रसार की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सीईओ ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने तथा लोकतंत्र में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएं।

बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरुणा गारू, जनसंपर्क अधिकारी रविन्द्र वैष्णव, स्वीप टीम के प्रतिनिधि सहित समारोह के सफल क्रियान्वयन हेतु गठित कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### रामपुरिया विद्यालय में 103 विद्यार्थियों को गर्म कपड़ों का वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**मानव तिवाड़ी** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुरिया जलिंद्री में बुधवार को नीम का थाना निवासी भामाशाह अमित कुमार यादव द्वारा 103 छात्र-छात्राओं को गर्म कपड़े (जर्सी) वितरित किए गए। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को जर्सी वितरण की इच्छा जताई। प्रधानाध्यापक शम्भू दयाल यादव ने बताया कि जर्सी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से भामाशाह अमित कुमार यादव का आभार व्यक्त किया गया।

### भीलवाड़ा में गिव अप अभियान बना मिसाल, 2.42 लाख लोगों ने छोड़ा एनएफएसए लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित 'गिव अप अभियान' ने एक नई उपलब्धि हासिल की है।

अभियान के अंतर्गत जिले में 2 लाख 42 हजार 691 लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए का लाभ छोड़ा है। इसके परिणामस्वरूप 2 लाख 55 हजार 317 पात्र लेकिन वंचित व्यक्तियों को एनएफएसए योजना से जोड़ा गया है।

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इसके तहत चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कार्मिकों, आयकर दाताओं एवं एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले नागरिकों ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए स्वेच्छा से एनएफएसए लाभ का त्याग किया। इस अभियान से एनएफएसए से हटाए गए लाभार्थियों पर वहन की जाने वाली खाद्य, गैस, बीमा एवं चिकित्सा सब्सिडी में उल्लेखनीय बचत होगी, जबकि नव-जोड़े गए पात्र लाभार्थियों को इन सभी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### गुरु रविदास जयंती की तैयारियाँ शुरू, मंदिर निर्माण समिति की बैठक संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



ऐरवाल रैदास समाज गुरु रविदास मंदिर निर्माण समिति की बैठक त्रिवेणी संगम पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष धनराज ऐरवाल ने की। बैठक में सचिव जीवन ऐरवाल ने बताया कि 1 फरवरी को त्रिवेणी संगम स्थित गुरु रविदास मंदिर प्रांगण में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती समारोह के अंतर्गत शाम 5 बजे से भोजन प्रसादी, शाम 8 बजे से गुरु रविदास जी के भजनों एवं उनके उपदेशों पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। रात्रि जागरण के बाद 2 फरवरी को सुबह 8 बजे समाज सुधार एवं मंदिर निर्माण विषय पर विशेष चर्चा की जाएगी। बैठक में समाज को संगठित रहने पर जोर दिया गया तथा अधिक से अधिक संख्या में समाज बंधुओं से जयंती समारोह में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया। साथ ही मंदिर निर्माण एवं प्रस्तावित छात्रावास निर्माण को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मांगीलाल, रामप्रसाद, कन्हैया लाल, धनराज मंगरोप, जीवन कालूखेड़ा, मांगीलाल खाचरोल, जगदीश खेराबाद, श्रवण बीगोद, कैलाश गेंदलिया, रोडूलाल बीगोद, रामप्रसाद मेवासा, कन्हैया लाल बाड़ी, प्रेमशंकर खाचरोल, रघुनाथ दाथल, प्रभुलाल तख्तपुरा, जमनालाल जीवखेड़ा, रमेश पिताजी खेडा, चम्पालाल मोरा खेडा, भवानीशंकर नंदराय, प्रकाश सिंगोली, कन्हैया लाल उदलियास, सुरेश राजगढ़, रामभरोस बनेडिया, कजोड़ माताजी खेडा, प्रेम खटवाड़ा, छोटूलाल जालियां, मुकेश बन का खेड़ा, जुगराज आमली सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

### बनकाखेड़ा में निःशुल्क उपलब्ध चिकित्सा परामर्श शिविर शनिवार को

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव )** । क्षेत्र के बनकाखेड़ा गांव में शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा । शिविर में जीबीएच जनरल हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज उदयपुर के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा । शिविर में जनरल लैप्रोस्कोपी एवं बेरियाट्रिक सर्जरी, नवजात, बाल एवं शिशु रोग विभाग, नाक, कान, गला रोग विभाग, जनरल मेडिसिन विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, मनोचिकित्सा विभाग, वक्ष एवं क्षय रोग विभाग आदि शामिल होंगे ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।